सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 97 | इंदौर, सोमवार 20 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## पीएम मोदी ने 12वीं बार जवानों के साथ दिवाली मनाई

**गोवा, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार 12वीं बार जवानों के साथ दिवाली मनाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, पीएम गोवा तट के पास नौसेना के जवानों के बीच ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के जश्न में शामिल होंगे। हालांकि, पीएम मोदी के दौरे की ऑफिशियल डिटेल्स अभी सामने नहीं आई है। पिछले साल पीएम गुजरात के कच्छ पहुंचे थे। यहां उन्होंने BSF, आर्मी, नेवी और एयरफोर्स के जवानों को मिठाई खिलाई थी। बीते 11 सालों में दिवाली के मौके पर पीएम सबसे ज्यादा 4 बार जम्मू-कश्मीर गए थे। वहीं 2 बार हिमाचल का दौरा किया। 2022 में मोदी ने कारगिल में सैनिकों के साथ दीपावली मनाई थी।






# बाजारों और पटाखा मार्केट की व्यवस्था देखने पहुंचे निगम आयुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दीपावली त्योहार के पहले नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव रविवार सुबह प्रमुख बाजारों और पटाखा बाजारों की व्यवस्था देखने पहुंचे। उन्होंने विभिन्न बाजारों को देखा साथ ही पटाखा बाजारों में फायर फाइटर सिस्टम की भी जांच की।**



नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने शहर के मध्य स्थित मुख्य बाजार क्षेत्र - राजवाड़ा, सराफा, पीपली बाजार, बर्तन बाजार, मारोठिया बाजार, रानीपुरा सहित कई बाजारों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और बाजारों में मौजूद रेहड़ी-पटरी संचालकों और दुकानदारों से बातचीत भी की। उन्होंने व्यवसाय करने के साथ दुकान से निकलने वाला कचरा एकत्रित कर निगम की गाड़ी में देने के लिए भी समझाइश दी। आयुक्त ने संबंधित क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि दीपावली पर्व के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए बाजार क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सुबह के समय पब्लिक नहीं रहती है, इसलिए सुबह जल्दी सफाई करने के साथ ही दिन में भी अलग-अलग शिफ्टों में सफाई मित्रों और निगम के संसाधनों को लगाकर बाजार क्षेत्र में लगातार सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों और खरीदारों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

आयुक्त ने दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठान से निकलने वाले कचरे को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन में ही दें और सड़क या नालियों में कचरा न फेंके। उन्होंने कहा कि स्वच्छ इंदौर की पहचान बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी हैं। फायर सुरक्षा को देखते हुए निरीक्षण के दौरान उन्होंने सराफा और राजवाड़ा क्षेत्र में उपयुक्त स्थानों पर फायर टैंकर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि किसी आकस्मिक घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### पटाखा बाजारों को देखा, चेक किया फायर फाइटर सिस्टम

इसके बाद नगर निगम आयुक्त ने चिमनबाग और दशहरा मैदान, रीजनल पार्क स्थित पटाखा बाजारों का भी दौरा किया। उन्होंने वहां की सफाई व्यवस्था और फायर सुरक्षा के इंतजामों को चेक किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजार क्षेत्र में पर्याप्त फायर फाइटिंग सिस्टम, पानी की टंकियां और सुरक्षाकर्मी तैनात रहें। उन्होंने पटाखा विक्रेताओं से बातचीत की और उन्हें भी निर्देशित किया कि हर दुकान के सामने पानी की कोठियां रखें और कम से कम एक फायर फाइटर (अग्निशमन यंत्र) रखें। इसी क्रम में आयुक्त ने एक पटाखा दुकान के सामने लगे फायर फाइटर को चलवाकर चेक किया। निगम आयुक्त ने कहा कि दीपावली पर्व खुशियों का पर्व है, सुरक्षा और स्वच्छता दोनों का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने जनता से अपील की है कि त्योहार के दौरान शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। इस दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई तथा निगम के अन्य अधिकारी भी शामिल थे।

# बिहार चुनाव के लिए जा रही शराब को पुलिस ने पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने शनिवार को रेलवे स्टेशन क्षेत्र में एक युवक को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपी चेतन पुत्र रामप्रसाद परमार, निवासी जय सिंह नगर, देवास ट्रेनों के जरिए शराब लेकर बिहार जा रहा था। चेकिंग के दौरान उसके पास तीन ट्रॉली बैग बरामद किए गए, जिनमें कुल 71 बोतलें शराब पाई गईं।**



क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया की टीम को सूचना मिली थी कि ट्रेनों में अवैध रूप से शराब की तस्करी की जा रही है। इसके बाद एक विशेष टीम गठित कर रेलवे आरक्षण कार्यालय के पास से चेतन को पकड़ा गया।

पूछताछ में चेतन ने खुलासा किया कि वह बिहार चुनाव के मद्देनजर शराब की तस्करी कर रहा था। उसे वहां डिलीवरी देकर वापस इंदौर लौटना था, जिसके बदले उसे 10 हजार रुपए मिलते थे। उसने यह भी बताया कि शराब छोटी ग्वालटोली क्षेत्र की एक शराब दुकान से ली गई थी, जिसे एक ठेकेदार ने उसे उपलब्ध कराया था।

क्राइम ब्रांच के अनुसार, शराब को विशेष तरीके से पैक कर पार्सल की तरह ट्रॉली बैग में रखा गया था ताकि संदेह न हो। इस पूरे मामले में चेतन को गिरफ्तार कर छोटी ग्वालटोली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

इस मामले के सामने आने के बाद एक बार फिर यह स्पष्ट हुआ है कि शराब तस्करी में कुछ शराब ठेकेदारों की संलिप्तता है। पहले भी आजाद नगर, द्वारकापुरी और तिलक नगर थाना क्षेत्रों में शराब तस्करी के मामलों में स्थानीय ठेकेदारों के नाम सामने आ चुके हैं। आजाद नगर में लाखों की शराब पकड़े जाने पर 'ठाकुर' नाम के ठेकेदार का नाम सामने आया था। द्वारकापुरी में 'संतोष' नामक ठेकेदार की शराब जब्त हुई थी। वहीं तिलक नगर में दो युवकों से ऑटो रिक्शा में शराब मिली थी, जो बस के जरिए गुजरात भेजी जा रही थी। इस मामले में भी अग्रसेन नगर और द्वारकापुरी के ठेकेदारों की भूमिका की जांच हुई थी। हालांकि अब तक इन मामलों में किसी भी ठेकेदार के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। सिंडीकेट बनाकर शराब तस्करी किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

## सड़क किनारे बने दो धार्मिक स्थलों को हटाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। समीपस्थ देपालपुर में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मुस्लिम समाज के प्रमुखों की मौजूदगी में सड़क किनारे बनी बरसों पुराने धार्मिक स्थलों को हटाया और उन्हें पास ही अलग स्थान पर स्थापित किया। एसडीओपी संघप्रिय सम्राट ने बताया कि इंदौर नाका एवं देपालपुर बस स्टैंड के पास दो धार्मिक स्थल थे, जो यातायात में बाधक बन रहे थे, को मुस्लिम समाज की सहमति से हटाया। इस दौरान जहां मुस्लिम समाज के प्रमुख मौजूद थे, वहीं जिला प्रशासन के अधिकारी, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। शांतिपूर्वक दोनों को ही हटाकर प्रशासन के अधिकारियों ने पास ही रिक्त पड़ी जगह पर स्थापित किया। बताया जा रहा है कि यह दोनों स्थलों काफी पुराने हैं। लंबे समय से इसे हटाने की कवायद चल रही थी, लेकिन बार-बार कोई ना कोई अड़चन आ रही थी। पिछले दिनों प्रशासन और मुस्लिम समाज के लोगों के बीच चर्चा हुई थी और उसके बाद सहमति बनने पर स्थलों को हटाने की कार्रवाई की गई।

# चाइना गारमेंट्स नहीं बेचने के निर्णय को बताया आत्मनिर्भर बनने का कदम




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। चाइना गारमेंट्स को नहीं बेचने का इंदौर रिटेल गारमेंट्स के व्यापारियों का निर्णय साहसिक और आत्मनिर्भर बनने का कदम है। यह बात मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने धनतेरस के मौके पर रेडिमेड कपड़े के व्यापारियों के साथ मुलाकात के दौरान कहीं। दरअसल, मंत्री धनतेरस की रात को मार्केट में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कई व्यापारियों से मुलाकात भी की। रेडिमेड व्यापारियों से मुलाकात के दौरान मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के स्वदेशी को बढ़वा देने की ओर आत्मनिर्भर भारत बनाने के अभियान को इंदौर के रेडिमेड कपड़ा व्यवसायियों ने शुरुआत कर देश में पहचान बनाई। इंदौर रिटेल गारमेंट्स के व्यापारियों ने चीन-बांग्लादेश के कपड़े नहीं बेचने का जो संकल्प लिया, उसका प्रभाव इस दीपावली पर साफ नजर आया है। मंत्री ने कहा कि स्वदेशी कपड़े बेचने के व्यापारियों की इस अभियान एक सूचकांक बना है। देशभर में इंदौर के गारमेंट्स व्यापारियों ने अपनी मेहनत दृढ़ संकल्पों से अपनी जगह बनाई है। बता दें कि मई महीने में इंदौर रिटेल गारमेंट्स व्यापारी एसोसिएशन ने चीन-बांग्लादेशी कपड़ों को नहीं बेचने का संकल्प लिया था। जिसके बाद से ये अभियान लगातार जारी है। हालही में व्यापारियों ने स्वदेशी तैयार वस्त्र ही बेचते हैं अभियान की शुरुआत की थी।

# आज आतिशबाजी का कचरा समेटने रात तीन बजे से टीमें संभालेंगी मैदान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम द्वारा आज शहर के सभी प्रमुख बाजारों को चकाचक करने का अभियान चलेगा। इसके लिए सफाई कर्मचारियों की टीमें लगाई जाएगी, वहीं दूसरी और दीपावली की रात आतिशबाजी से फैले कचरे को रात तीन बजे से समेटने का काम शुरू होगा।**



आज दीपावली के चलते बाजारों में खासी भीड़ रहेगी और इस दौरान वहां कचरा और गंदगी नहीं रहे, इसके लिए निगम दोपहर में भी सफाई अभियान चलाएगा, ताकि सड़के चकाचक रहे। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक आज अलग-अलग टीमें 11 बजे कई प्रमुख बाजारों में सफाई अभियान शुरू करेंगी। हालांकि कई बाजारों की सुबह सफाई नियमित होती ही है, लेकिन दोपहर के सत्र में भी भीड़ वाले बाजारों में सफाईकर्मी तैनात रहेंगे। कुछ बरसों पहले नगर निगम सराफा से लेकर प्रमुख बाजारों की सड़कें टैंकरों से धोता रहा है, लेकिन धीरे-धीरे यह काम बंद हो गया और अब दो बार सफाई अभियान चलाया जाता है। दीपावली की रात आतिशबाजी के दौरान पटाखों का कचरा समेटने के लिए रात तीन बजे से सभी झोनलों की टीमें सड़कों पर पहुंचकर मैदान संभालेंगी। अफसरों का कहना है कि दो से तीन घंटे के अंतराल में सारी सड़के फिर चकाचक कर दी जाएगी।

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 97 इंदौर, सोमवार 20 अक्टूबर, 2025 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दीपावली पर दी शुभकामनाएं

## सीएम बोले- प्रगति की रफ्तार बढ़ा रही उत्साह



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संदेश में कहा कि मध्यप्रदेश, देश का हृदय प्रदेश, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प में सहभागी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की लगभग 9 करोड़ जनता विकास के यज्ञ में आहुति दे रही है। हमारी प्रगति की रफ्तार से उत्पन्न उत्साह इस पर्व की उमंग को दोगुना कर रहा है।' उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने और अनेक योजनाओं में मध्यप्रदेश की अग्रणी स्थिति पर गर्व व्यक्त किया। डॉ. यादव ने नागरिकों को दीपावली के साथ-साथ छोटी दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की भी शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने अपने संदेश में दीपावली को धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व खुशियां बांटने का अवसर है। हमें वंचित और जरूरतमंदों के जीवन में खुशियों की ज्योति जलाकर इसे सार्थक बनाना चाहिए।' उन्होंने जोर दिया कि छोटे-छोटे दीप मिलकर अंधकार को पराजित करते हैं, उसी तरह समाज और राष्ट्र की समस्याओं का समाधान सामूहिक प्रयासों से संभव है। राज्यपाल ने अनुशासित, स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में पर्व मनाने की अपील की, साथ ही भाईचारे और सद्भाव की परंपराओं को मजबूत करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से दीपावली को पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सामाजिक सद्भाव के साथ मनाने का अनुरोध किया।

## इंदौर में एक टन वजनी श्रीयंत्र, ये भारत का दूसरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** दिवाली पर मां लक्ष्मी के साथ ही उनके श्रीयंत्र की पूजा का विशेष महत्व है। इंदौर के एक मंदिर में



दुर्लभ मेरु श्रीयंत्र (3D) स्थापित किया गया है। इसमें पांच तल बने हुए हैं। यह श्रीयंत्र पंचधातु का बना है। ठोस होने के कारण इसका वजन करीब एक टन (दस क्विंटल) है। बैंगलुरु में छह माह में बनकर तैयार हुआ है। दुर्लभ इसलिए है, क्योंकि इतना बड़ा और मेरु श्रीयंत्र इंदौर के अलावा केवल बैंगलुरु में ही है। मंदिर में नियमित सेवा देने वाले सुरेंद्र खंडेलवाल कहते हैं कि यह सिद्ध किया हुआ श्रीयंत्र है। मेरु यानी पर्वत के आकार का होने के कारण इसे मेरु श्रीयंत्र कहते हैं। यह छह माह में बनकर तैयार हुआ है।

# प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए होगा चित्रकूट का विकास : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## ●चित्रकूट में 2800 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य अगले वर्ष अप्रैल तक हो जाएंगे पूरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**चित्रकूट, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चित्रकूट के प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए इसका विकास किया जाएगा। चित्रकूट में बड़े निर्माण कार्यों की आवश्यकता नहीं है। मंदाकिनी नदी स्वच्छ और सदानीरा बनी रहे, भगवान कामतानाथ के सुगमता से दर्शन हो सके और भक्तों को सरलता से भोजन प्रसाद मिल सके ऐसे निर्माण कार्य किए जाएंगे। चित्रकूट का विकास प्रबुद्धजन, संतों और आमजन के सुझाव के आधार पर होगा। भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट को धार्मिक पर्यटन और ग्रामीण पर्यटन का केंद्र बनायेंगे। चित्रकूट में सड़क चौड़ीकरण, परिक्रमा पथ के सौंदर्यीकरण और धार्मिक स्थलों के विकास के कार्य तेजी से पूरे किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को चित्रकूट में आरोग्यम में प्रबुद्धजन से चित्रकूट के विकास पर चर्चा के दौरान यह बात कही।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चित्रकूट में विकास के लिए 163 स्थानों पर लोगों ने स्वेच्छा से अपने भवन तोड़कर जमीन उपलब्ध कराई हैं। यह बहुत सराहनीय पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय तथा दीनदयाल शोध संस्थान किसानों और युवाओं को पशुपालन की आधुनिक तकनीक देकर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में सहयोग करें। चित्रकूट के विकास के लिए जारी 2800 करोड रूपये के निर्माण कार्य अगले वर्ष अप्रैल माह तक पूरे हो जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि होम-स्टे को बढ़ावा देकर ग्रामीण पर्यटन विकास के साथ रोजगार



के नये अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी को दीपावली की शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कलेक्टर सतना संतों, प्रबुद्ध और आमजनता से चित्रकूट के विकास के लिए सुझाव प्राप्त कर उसके अनुरूप कार्य योजना तैयार करें। मुख्यमंत्री ने आरोग्य में भारतरत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

सांसद श्री गणेश सिंह ने कहा कि दौरी सागर निर्माण की बाधाएँ दूर की जाएं, जिससे निर्माण कार्य शुरू हो सके। दौरी सागर बांध बनने से मंदाकिनी नदी को नया जीवन मिलेगा। चित्रकूट के विकास के लिए शानदार ब्लूप्रिन्ट तैयार किया गया है। इसका क्रियान्वयन होते ही चित्रकूट शानदार धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो जाएगा। बैठक में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने चित्रकूट के विकास के लिए बनाई गई कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि चित्रकूट में समग्र विकास के लिए 5 हजार करोड़ की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसमें से 2800 करोड रुपए के निर्माण कार्य आगामी माह अप्रैल तक पूरे हो जाएंगे। कार्ययोजना में नगर वन निर्माण, घाट निर्माण, सड़कों के विकास, सौदर्यीकरण मंदाकिनी नदी की साफ-सफाई तथा घाट निर्माण परिक्रमा पथ के विकास जैसे कार्य शामिल हैं। कार्ययोजना में मझगवां में औद्योगिक इकाइयों और शिक्षण संस्थानों की स्थापना का प्रस्ताव भी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा प्रकाशित पुस्तिका 'रामचन्द्र' श्रीराम राजा सरकार के चरित्र की चित्रकथा का विमोचन किया। समारोह में डीआरआई के संगठन सचिव श्री अभय महाजन ने मुख्यमंत्री और अतिथियों का स्वागत करते हुए चित्रकूट के विकास के संबंध में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खडेलवाल, विधायक चित्रकूट श्री सुरेन्द्र सिंह गहरवार, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, कुलगुरू ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रो. भरत मिश्रा, पद्मश्री डॉ. बीके जैन, श्री सीताराम बाथम, गायत्री परिवार के प्रतिनिधि श्री रामनारायण त्रिपाठी, कमिश्नर रीवा संभाग श्री बी.एस. जामोद, आईजी श्री गौरव राजपूत सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने चित्रकूट के पंचवटी घाट पर किया दीपदान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चित्रकूट प्रवास के दौरान दीपावली मेला के अवसर पर आरोग्य धाम में मां मंदाकिनी के पंचवटी घाट पर दीपदान किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना के साथ दीपावली की शुभकामनायें दी।

# आज धूमधाम से मनेगी दीपावली इस बार दो दिन रहेगी अमावस्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सोमवार को धूमधाम से दीपावली मनाई जाएगी। रविवार को लोगों ने छुट्टी का फायदा उठाते हुए घरों व संस्थानों को सजाया। रविवार को भी शहर के कई इलाकों में पूजन सामग्री की अस्थाई दुकानों पर खूब बिक्री हुई। लोगों ने रविवार को बाजारों में खरीददारी की। इस कारण बाजारों में भीड़ भी उमड़ी। शहर के रीजनल पार्क, विजय नगर, डीआरपी लाइन सहित कई इलाकों में पटाखा दुकानें लगाई गई है। वहां भी रविवार को दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही। इस बार ग्रीन पटाखे ज्यादा पसंद किए जा रहे है। शहर के राजवाड़ा स्थित प्राचीन महालक्ष्मी मंदिर में सोमवार को विशेष पूजा होगी। यहां दीपावली के दिन भक्तों की लंबी कतार लगती है। सोमवार के अलावा मंगलवार को भी महालक्ष्मी मंदिर में भक्तों के दर्शन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा अन्नपूर्णा क्षेत्र के महालक्ष्मी मंदिर में भी विशेष पूजा की जाएगी। शहर के पलासिया चौराहे पर भी दीपावली के मौके पर आकर्षक सज्जा की गई



है। सोमवार सुबह से घरों में वंदनवार सजेंगे और रंगोली भी बनाई जाएगी। इसके अलावा दीपावली के दूसरे दिन नगर निगम ने भी सफाई की विशेष व्यवस्था की है। दीपावली मनाकर शहरवासी जब सुबह जाएंगे तो उन्हें शहर की सड़कें साफ नजर आएंगी। नगर निगम का अमला चार बजे से सफाईकार्य में जुट जाएगा।

### दीपावली पूजन मुहूर्त

20 अक्टूबर 2025, सोमवार

कार्तिक अमावस्या संवत् 2082

**अमावस्या प्रारंभ** : 20 अक्टूबर दोपहर 3:45

**अमावस्या पूर्ण** : 21 अक्टूबर सायं 5:54

**प्रदोष काल मुहूर्त** : सायं 5:56 से रात्रि 8:27

**निशिथकाल मुहूर्त** : रात्रि 11:47 से 12:36

लग्न अनुसार मुहूर्त (गृहस्थों के लिए)

**वृषभ** : सायं 7:23 से रात्रि 9:22

**सिंह** : रात्रि 1:51 से प्रातः 4:02

लग्न अनुसार मुहूर्त (फैक्ट्री, दुकान, व्यापारिक प्रतिष्ठानों के लिए)

**मेष** : सायं 5:43 से 7:23

**कर्क** : रात्रि 11:35 से 1:51

चौघड़िया अनुसार मुहूर्त

**लाभ** : दोपहर 3:45 से सायं 4:30

**अमृत** : सायं 4:30 से 5:56

**चर** : सायं 5:56 से 7:30

**लाभ** : रात्रि 10:38 से 12:11

**शुभ** : रात्रि 1:45 से 3:19

### दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...

दीपावली पर्व पर सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
दीप पर्व पर अवकाश... अगला 23 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

- संपादक

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
Ginni Group
Indore

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
Mr. Ishwar Kabra, Pune

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
Mr. Rakesh Gupta
Indore

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
Nahar Group
Indore

Mr. Vijay Kothari
Indore
दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
Upadhyay Brothers
Indore

Mr. Abhishek Pandey
Noida
दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
Mr. Sikri, New Delhi

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
Mr. SP Dobriya
New Delhi

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Mr. Chirag Jain
Indore

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Mr. Vireshwar Nagar
New Delhi

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Mr. Ravi Agarwal
Bhopal

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
CA Randhir Kolhe
Raipur

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Sarvoday Tyre Industry
Indore

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
Mr. Arpit Nigam
Indore

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
Mr. Prasant Vishwakarma
Tikamgarh

दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
Mr. V N Khandelwal
Indore

दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
Mr. Vijaykumar
Aanand

Mr. Aman Jain
Bilaspur
दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें

दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
Mr. Vinod Shah
Raipur

Mr. Praveen Sharma
Jabalpur
दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Sweeti Jain
Jaipur

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Mr. Ajay Sancheti
Gurgaon

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Mr. Ajay Tyagi
Indore

दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
Mr. Lalit Paswan
Bilaspur

दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
Mr. Arun Kumar Pandey
Indore

दीपावली
हार्दिक शुभकामनायें
Mr. Suresh Kannala
Hyderbad

दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
Mr. Amit Kumar
Patna

Mr. Abhishek Rami
Ahemdabad
दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें

दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
Mr. Vinod Shah
Raipur

Mr. Venkatesh
Vuppuluri
Noida
दीपावली पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें

Bihar

# 10 सीटें भी नहीं जीत पाएगी पार्टी, कांग्रेस नेताओं ने ही कर दिया ऐलान, टिकट बंटवारे पर घमासान

**पटना, (एजेंसी)** बिहार में महागठबंधन में तनातनी के बीच अब कांग्रेस के भीतर भी टिकट बंटवारे को लेकर तनाव खुलकर बाहर आ गया है। पार्टी के कई नेता खुले मंच से प्रदेश में कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लवरु और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम पर आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि टिकट बंटवारे में धांधली की गई है और पैसे के बदले टिकट दिए गए हैं। कांग्रेस में रिसर्च सेल के अध्यक्ष और प्रवक्ता रहे आनंद माधवन ने यहां तक कहा कि बिहार चुनाव में कांग्रेस डबल डिजिट तक भी नहीं पहुंच पाएगी।

टिकट से वंचित रहने वाले नेताओं ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कांग्रेस में जो कुछ भी हुआ है



उसका परिणाम भी पार्टी को ही भुगतना पड़ेगा। कांग्रेस प्रवक्ता आनंद माधव ने रिसर्च सेल से अपना इस्तीफा भी दे दिया। उनके साथ मंच पर गजानंद शाही, छत्रपति यादव, नागेंद्र प्रसाद, रंजन सिंह, बच्चू प्रसाद, राजकुमार राजन, बंटी चौधरी और कई अन्य नेता भी थे।

बता दें कि छत्रपति यादव को इस बार खगड़िया से टिकट नहीं दिया गया है जबकि वह इस सीट से विधायक थे। उनकी जगह एआईसीसी सचिव चंदन यादव चुनाव लेंगे। 2020 में चंदन बेलदौर सीट से जेडीयू प्रत्याशी के आगे हार गए थे। वहीं माधव ने कहा कि अगर किसी विधायक का टिकट काटा भी जाता है तो उसे कहीं और से चुनाव में उतारना चाहिए। इस तरह से अचानक नजरअंदाज कर देना अच्छा संकेत नहीं है।

Rajasthan

# राजस्थान में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का शूटर हुआ गिरफ्तार

● शूटर के पास मिली मेड इन इटली की विदेशी पिस्टल



**कोटपूतली, (एजेंसी)** राजस्थान के कोटपुतली-बहरोड़ जिला पुलिस ने लॉरेंस गैंग के शूटर संजय जाट को गिरफ्तार किया है. इस पर 25000 रुपए का इनाम घोषित था. इसके पास से पुलिस को मेड इन इटली की विदेशी पिस्टल मिली है. साथ ही देसी हथियारों का भी जखीरा मिला है. इसके खिलाफ राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित देश के अलग-अलग राज्यों व शहरों में दर्जनों मामले दर्ज हैं. पुलिस को लंबे समय से इस बदमाश की तलाश थी. इसी बीच पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान शूटर को गिरफ्तार किया है. टेपूतली पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि पुलिस ने 25000 के इनामी बदमाश संजय जाट पुत्र सुनील जाट निवासी कालाऔर थाना नांगल चौधरी (मेवात, हरियाणा) को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है. तलाशी में उसके पास से एक विदेशी पिस्टल (ब्रेटा मेड इन इटली) जिसमें छह जिंदा कारतूस और दो मैगजीन मिली है.

New Delhi

# 8वें वेतन आयोग पर केंद्र सरकार की तैयारी तेज, जल्द जारी हो सकती है अधिसूचना

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केंद्र सरकार ने जनवरी 2025 में 8वें केंद्रीय वेतन आयोग को मंजूरी दे दी थी, लेकिन इसकी आधिकारिक



अधिसूचना अभी तक जारी नहीं की गई है। साथ ही, आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के नाम भी फिलहाल तय नहीं हुए हैं। वित्त मंत्रालय के राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने हाल ही में राज्यसभा में जानकारी दी कि सरकार इस मामले में सक्रिय रूप से काम कर रही है। उन्होंने कहा, '8वें केंद्रीय वेतन आयोग से संबंधित अधिसूचना उचित समय पर जारी की जाएगी। आयोग के गठन के बाद उसके अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी।' केंद्र सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह राज्य सरकारों से सक्रिय परामर्श कर रही है और आयोग के गठन से जुड़ी घोषणा जल्द की जा सकती है।

Uttarkashi

अनियंत्रित होकर 120 मी. नीचे यमुना नदी में जा गिरा वाहन

# दर्दनाक हादसे में चालक की मौत



**देहरादून, (एजेंसी)।** डंपर यमुना नदी में गिरने से आज सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। नौगांव स्टोन क्रेशर के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक की मौत हो गई। वाहन अनियंत्रित होकर रोड हेड से लगभग 120 मीटर नीचे यमुना नदी में जा गिरा। डंपर में सवार चालक जगदीप, पुत्र चैन सिंह (30) निवासी ग्राम सुनारा, पुरोला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ पुलिस, फायर सर्विस टीम और स्थानीय लोगों ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर मृतक का शव यमुना नदी से निकाल कर सड़क तक पहुंचाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी नौगांव भेजा जा रहा है।

## खेल

# इस साल पहली बार भारत को वनडे में मिली हार, लगातार आठ मैच जीतने का सिलसिला टूटा, मिचेल मार्श चमके

**पर्थ, (एजेंसी)** ऑस्ट्रेलिया ने भारत को वर्षा से बाधित पहले वनडे मुकाबले में सात विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। बारिश के कारण चार बार मैच को रोकना पड़ा जिस कारण इसे 26-26 ओवर कराने का फैसला किया गया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 26 ओवर में नौ विकेट पर 136 रन बनाए, लेकिन डकवर्थ लुइस नियम के तहत ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 131 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान मिचेल मार्श की शानदार पारी के दम पर 21.1 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन बनाकर मैच जीत लिया।

ऑस्ट्रेलिया की जीत के साथ ही भारत का वनडे में लगातार आठ मैच जीतने का सिलसिला टूट गया। इस साल यह पहली बार है जब भारत को वनडे में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम पहली बार शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने



उतरी थी, लेकिन गिल को वनडे कप्तान के तौर पर अपने पहले ही मैच में हार मिली। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में बल्ले के अलावा गेंद से भी दम दिखाया और मैच अपने नाम करने में सफल रही।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्श ने अच्छी बल्लेबाजी की और वह अंत तक टिके रहे। मार्श हालांकि, अर्धशतक पूरा नहीं कर सके और 52 गेंदों पर दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 46 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका ट्रेविस हेड के रूप में लगा जो आठ रन बनाकर अर्शदीप सिंह का शिकार बने। इसके बाद अक्षर पटेल ने मैथ्यू शॉर्ट को पवेलियन भेजा। शॉर्ट भी आठ रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, मार्श ने फिलिप के साथ साझेदारी जमाई और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया 100 रन पूरे कर पाती उससे पहले ही वाशिंगटन सुंदर ने फिलिप को आउट कर दिया।जोश फिलिप ने 37 रन बनाए। फिर मार्श और मैट रेनशॉ ने कंगारूओं को जीत दिलाई। रेनशॉ 21 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर को एक-एक विकेट मिला।

भारत के लिए इस मैच में ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने वनडे डेब्यू किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने भी दो नए चेहरों को मौका दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मैट रेनशॉ और मिचेल ओवन ने डेब्यू किया। भारतीय टीम पर्थ में खेले गए पहले मैच में तीन तेज गेंदबाज और इतने ही ऑलराउंडरों के साथ उतरने का फैसला लिया था और कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को पहले मैच के लिए प्लेइंग-11 में शामिल नहीं किया गया।

रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में उतरने के साथ ही बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। दरअसल, रोहित का यह 500वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला था और वह इतने मैच खेलने वाले भारत के पांचवें खिलाड़ी बन गए हैं। रोहित से पहले सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, महेंद्र सिंह धोनी और राहुल द्रविड़ ने ही 500 या इससे अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं।

## सिनेमा

# दिवाली पर घर के बाहर आकर फैंस से मिले अमिताभ बच्चन, दी त्योहार की शुभकामनाएं



देशभर में दिवाली का त्योहार मनाया जा रहा है. बॉलीवुड के कई दिग्गज सितारे भी इस खुशी के मौके पर अपने फैंस को बधाई दे रहे हैं. 'सदी के महानायक' अमिताभ बच्चन ने भी दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने ट्वीट किया है, जिसमें वो अपने घर जलसा के बाहर, फैंस से मिलते भी नजर आए हैं. अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं. यहां वो अपने मस्तीभरे अंदाज से फैंस को इंप्रेस करते हैं. लेकिन दिवाली जैसे शुभ अवसर पर फैंस को बिग बी के ट्वीट का इंतजार रहता है. संडे के दिन पूरे देशभर में छोटी दिवाली का जश्न मनाया गया. इस खास मौके पर बिग बी अपने फैंस से मिले और उनका दिन सबसे खास बनाया.उन्होंने इसका एक फोटो भी शेयर किया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में फैंस उनके घर के बाहर नजर आए. वहीं बिग बी ने सिर पर एक कैप और जैकेट पहने उनका आभार व्यक्त किया. आज अमिताभ बच्चन ने अपने चाहने वालों के लिए दिवाली पर ट्वीट कर लिखा, 'दीपावली की अनेक अनेक शुभकामनाएं.' इस बार कौन बनेगा करोड़पति में दिवाली बहुत खास तरीके से मनाई जाएगी. शो में अमिताभ बच्चन को एंटरटेन करने कॉमेडी के दो धुरंधर सुनील ग्रोवर और कृष्णा अभिषेक आएंगे. जहां सुनील, अमिताभ

## संपादकीय

# गरीब कैदियों को मिला बड़ा दिवाली गिफ्ट!

सुप्रीम कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के माध्यम से राज्य सरकारों की ओर से गरीब विचाराधीन कैदियों की जमानत राशि के भुगतान के लिए एसओपी में संशोधन किया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा की ओर से दिए गए सुझाव को स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया। शीर्ष न्यायालय ने पिछले वर्ष 13 फरवरी को जारी अपने पूर्व एसओपी में कुछ संशोधन किए और आदेश दिया कि जिलाधिकारी या जिलाधिकारी द्वारा नामित व्यक्ति, प्राधिकरण के सचिव, पुलिस अधीक्षक, संबंधित जेल के अधीक्षक/उपाधीक्षक और संबंधित जेल के प्रभारी न्यायाधीश की एक अधिकार प्राप्त समिति गठित की जाएगी। प्राधिकरण सचिव अधिकार प्राप्त समिति की बैठकों के संयोजक होंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर विचाराधीन कैदी को जमानत दिए जाने के आदेश के सात दिनों के भीतर जेल से रिहा नहीं किया जाता तो जेल अधिकारी प्राधिकरण के सचिव को सूचित करें। न्यायालय ने कहा कि सूचना प्राप्त होने पर प्राधिकरण के सचिव यह सुनिश्चित करेंगे कि विचाराधीन कैदी के बचत खाते में धनराशि है या नहीं और अगर राशि नहीं है तो पांच दिनों के भीतर इसके लिए प्राधिकरण को अनुरोध भेजा जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा, 'इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम' (आईसीजेएस) में एकीकरण लंबित रहने तक जिला स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (डीएलईसी) रिपोर्ट प्राप्त होने की तारीख से पांच दिनों के भीतर प्राधिकरण की सिफारिश पर जमानत के लिए धनराशि जारी करने का निर्देश देगी।' न्यायालय ने आदेश में कहा कि समिति, प्राधिकरण द्वारा सुझाए गए मामलों पर विचार करने के लिए प्रत्येक माह के पहले और तीसरे सोमवार (अगर ऐसे दिनों में अवकाश हो, तो अगले कार्यदिवसों पर) को बैठक करेगी।

# Why HDFC Bank, ICICI Bank shares are moving in opposing directions after quarterly results




**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of HDFC Bank Ltd. and ICICI Bank Ltd. moved in opposing directors after India's two largest lenders declared their quarterly results.

HDFC Bank's share price rose as much as 1.75% over its previous close to an intraday high of ₹1,020 apiece on the BSE even as ICICI Bank's share price shed 2.57% to an intraday low of ₹1,399.65 apiece. The benchmark Sensex opened nearly a percent higher today.

That, after both the companies reported their second-quarter earnings. HDFC Bank has outperformed ICICI Bank on several financial metrics—especially at the bottomline.

HDFC Bank Q2 Results FY26

Standalone net profit of India's largest private lender rose 11% over the year-ago period to ₹18,641 crore in the three months ended 30 September 2025, on the back of revenue calculated as net interest income increased 5% to ₹31,552 crore, according to an exchange filing on 18 October 2025.

NII up 5% YoY at ₹31,552 crore

Net profit up 11% YoY at ₹18,641 crore

Gross NPA ratio down 16 bps QoQ at 1.24%

Net NPA ratio down 5 bps QoQ at 0.42%

ICICI Bank Q2 Results FY26

Standalone net profit of India's second-largest private lender rose 5% year-on-year to ₹12,359 crore in Q2 FY26 on the back of net interest income (revenue) that increased 7% year-on-year to ₹21,529 crore, according to an exchange filing on 18 October 2025.

NII up 7% YoY at ₹21,529 crore

Net profit up 5.2% YoY at ₹12,359 crore

Gross NPA ratio up 9 bps QoQ at 1.58%

Net NPA ratio up 2 bps QoQ at 0.39%

According to analysts, India's banking sector is at an inflection point with a significant recovery expected from the October-December quarter.

# RBL Bank surges 8.25% after striking biggest stake-sale deal in Indian banking

**NEW DEIHI, (Agency).** RBL Bank surges 8.25% after striking biggest stake-sale deal in Indian banking

RBL Bank share price rose as much as 8.24% on the BSE even as the benchmark Sensex gained more than 400 points after the stock market opened today.

Shares of RBL Bank Ltd. jumped to its highest in nearly five years after the private lender struck the biggest stake-sale deal in India's banking history.

RBL Bank's stake sale to Emirates NBD is seen as the biggest foreign investment in India's financial services sector. (Livemint)

RBL Bank's stake sale to Emirates NBD is seen as the biggest foreign investment in India's financial services sector. (Livemint)

On Monday, RBL Bank share price rose as much as 8.24% to an intraday high of ₹324.20 on the BSE even as the benchmark Sensex gained over 400 points to 84,352.48. That's the highest level since at least early 2020. The stock was among the top percentage gainers on Nifty Bank, which was trading about 1% higher.

Dubai's Emirates NBD Bank PJSC has agreed to buy 60% stake in RBL Bank in what is seen as the biggest foreign investment in India's financial services sector. The middle-eastern bank will invest ₹26,853 crore—about $3 billion—in the the private lender via a preferential issue of shares, according to an exchange filing in Mumbai on Saturday. The deal is subject to regulatory approvals. The Reserve Bank of India has informally communicated its backing for the deal, Reuters has previously reported.

किन्नर विवाद

# सपना हाजी गिरफ्तार, 3 मुख्य आरोपियों पर 30 हजार का इनाम घोषित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के चर्चित किन्नर विवाद मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में हुई इस सनसनीखेज घटना में फरार चल रहे तीनों मुख्य आरोपियों पर पुलिस ने नकद इनाम घोषित किया है। अधिकारियों ने बताया कि पंकज जैन, अक्षय कुमायूं और राजा हाशमी तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अब 10-10 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की गई है।**

दरअसल, कुछ दिन पहले पंढरीनाथ क्षेत्र में रहने वाले 24 किन्नरों ने एक साथ जहरीला पदार्थ पी लिया था। इस घटना से पूरे शहर में हड़कंप मच गया था। कई किन्नरों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि इन आरोपियों ने किन्नरों को लगातार ब्लैकमेल और धमकाकर परेशान किया था। इसी तनाव के चलते यह बड़ा कदम उठाया गया। घटना के बाद पुलिस ने किन्नर सपना हाजी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीनों आरोपी अब भी फरार हैं। पुलिस की कई टीमें लगातार शहर के अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दे रही हैं, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही पकड़ा जाएगा और पूरे मामले की सच्चाई सामने लाई जाएगी। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर डीसीपी जोन-4 ने तीनों फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में मदद करने वाले किसी भी व्यक्ति को इनाम देने की घोषणा की है। यदि कोई व्यक्ति ऐसी सूचना देता है तो उसे 10 हजार रुपए का नगद इनाम दिया जाएगा। बता दें कि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। फिलहाल, पुलिस आरोपियों की तलाश में शहर के अलावा आसपास के जिलों में भी दबिश दे रही है।

## पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन 21 अक्टूबर को


@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर।** सेनानी 15वीं वाहिनी वि.स. बल इंदौर द्वारा पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन 21 अक्टूबर को सुबह 9 बजे शहीद स्मारक 15वीं वाहिनी परेड ग्राउंड में किया जायेगा। आयोजन में पुलिस आयुक्त (नगरीय इंदौर) श्री संतोष कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। परेड कार्यक्रम में 15वीं वाहिनी विसबल इंदौर द्वारा शहीद पुलिस कर्मचारियों के नामों का वाचन किया जायेगा। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रीथ अर्पण की जाएगी। समस्त पुलिस अधिकारियों द्वारा सलामी शस्त्र व शोक शस्त्र को सेल्यूट किया जायेगा। इसके बाद बिगुलर लास्ट पोस्ट व राउज बजाया जायेगा। तत्पश्चात परेड पील ऑफ होगा।

# मनमाने किराया वसूलने की शिकायत हेल्पलाइन पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र), इंदौर। यातायात पुलिस के व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर पर मिली 11 शिकायतों में से एक शिकायत ऑटो, टैक्सी चालकों के मनमाने किराया वसूलने की है। अधिकारियों ने मामला संज्ञान में लिया है। 9 शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है। बीआरटीएस में गाड़ी चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने और कारें रोड़ पर खड़ी करने संबंधी शिकायत भी मिली है। अब तक कुल 569 शिकायतें इस नंबर पर मिली है, जिसमें 542 का निराकरण कर दिया गया है। नो इंट्री में भरी वाहनों के प्रवेश पर यातायात पुलिस ने चालानी कार्रवाई करते हुए 20 वाहनों पर जुर्माना लगाकर 1 लाख रुपये का समन शुल्क वसूला है। साथ ही उन्हें हिदायत दी गई कि प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें। त्यौहारों के मद्देनजर हालांकि यातायात विभाग द्वारा वाहन चालकों पर थोड़ी नरमी बरती जा रही है, फिर भी शहर के विभिन्न चौराहों पर पुलिस नजर आ रही है, वहीं पीसीआर वैन भी लगातार प्रमुख मार्गों पर नजर आ रही है, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति या होने वाली घटनाओं को रोका जा सके।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक